व्याख्या – राजकीय आयुर्वेद संस्थान जो केन्द्रीय परिवार कल्याण मंत्रालय का स्वायत्त संस्थान है, जिसकी स्थापना 2008 में जयपुर में की गयी थी, जिसमें आयुर्वेद से सम्बन्धित शोध एवं रिसर्च किया जाता है।

1800. राजस्थान में आजीविका मिशन को प्रारम्भ किस वर्ष में किया गया?

(a) 2002 (b) 2004
(c) 2005 (d) 2007

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – राजस्थान में आजीविका मिशन को प्रारम्भ 2004 ई. में किया गया था

1801. राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत राजस्थान में प्रारम्भ की गई खाद्यान्न सुरक्षा योजना में जनसंख्या सम्मिलित होगी –

(a) 3.02 करोड़ (b) 3.64 करोड़
(c) 4.02 करोड़ (d) 4.64 करोड़

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत राजस्थान में प्रारम्भ की गई खाद्यान्न सुरक्षा योजना में 4.64 करोड़ जनसंख्या सम्मिलित होगी।

1802. राजस्थान में केरोसीन के लिए खाते में धनराशि की सीधे हस्तांतरण योजना पायलट आधार पर लागू हुई –

(a) कोटपूतली तहसील से (b) कोटकासिम तहसील से
(c) कोटड़ा तहसील से (d) किशनगढ़ तहसील से

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – राजस्थान में केरोसिन के लिए खाते में धनराशि की सीधे हस्तांतरण योजना पायलट आधार पर सर्वप्रथम कोटकासिम तहसील से लागू की गई थी।

1803. मुख्य मंत्री निःशुल्क दवा योजना राजस्थान में लागू की गई थी-

(a) 2 सितम्बर, 2011 से (b) 2 सितम्बर 2010 से
(c) 2 अक्टूबर, 2011 से (d) 2 अक्टूबर, 2010 से

उत्तर (c)

RPSC RAS/RTS 2016

व्याख्या- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर 2011 को राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना प्रारम्भ की गई।

1804. जनसमस्याओं के निराकरण के लिए निम्नांकित में से किस अधिनियम को लागू करने में राजस्थान पहला राज्य है?

(a) लोक प्रापण में पारदर्शिता अधिनियम
(b) लोक सेवा प्रदान गारंटी अधिनियम
(c) सुशासन अधिनियम
(d) सुनवाई का अधिकार अधिनियम

उत्तर (d)

RPSC RAS/RTS 2016

व्याख्या- जनसमस्याओं के निराकरण के लिए सुनवाई का अधिकार अधिनियम को लागू करने में राजस्थान पहला राज्य है।

1805. नार्वे सरकार के सहयोग से राजस्थान सरकार ने जीवनधारा बैंक निम्न की उपलब्धता के लिए स्थापित किया-

(a) कैंसर मरीजों को रक्त हेतु
(b) मरुक्षेत्रों में पानी हेतु
(c) बुजुर्गों को बीमा हेतु
(d) शिशुओं के लिए माँ के दूध हेतु

उत्तर (d)

RPSC RAS/RTS 2016

व्याख्या- राजस्थान सरकार ने जयपुर में महिला दूध बैंक जीवनधारा की शुरूआत की। इसका उद्देश्य राजस्थान में उच्च शिशु मृत्यु दर को रोकना है। राज्य सरकार ने इस बैंक का शुभारंभ नार्वे की सरकार के सहयोग से किया था।

1806.अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों के लिए राजस्थान सरकार की मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत माता-पिता की आय और पूर्व परीक्षा के प्राप्तांक का एक निश्चित संयोग रखने वाले विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वह निश्चित संयोग है–

(a) 1 लाख रुपये से कम–कम से कम 40%
(b) 1.5 लाख रुपये से कम–कम से कम 45%
(c) 2 लाख रुपये से कम–कम से कम 50%
(d) 2.5 लाख रुपये से कम–कम से कम 55%

उत्तर (c)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों के लिए राजस्थान सरकार की मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत माता-पिता की आय और पूर्व परीक्षा के प्राप्तांक का एक निश्चित संयोग हेतु विद्यार्थियों को जो निश्चित वित्तीय सहयोग प्रदान होगी, वह है– 2 लाख से कम आय एवं से कम 50%। प्राप्तांक इसके अन्तर्गत वही लाभार्थी हो सकते हैं, अर्थात जिनकी पारिवारिक आय 2 लाख से कम हो और परीक्षार्थी का पिछले साल के पूर्णांक 50% से कम न हो।

1807.राजस्थान में स्वालम्बन योजना का मुख्य उद्देश्य है–

(a) निर्धन महिलाओं, विधवाओं, परित्यक्ताओं और ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार करना।
(b) बेरोजगार व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
(c) अनुसूचित जाति/जनजाति और पिछड़ा वर्ग की बेरोजगार बालिकाओं को प्रशिक्षण देना।
(d) असंगठित क्षेत्र में रोजगार प्रदान करना।

उत्तर (a)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- राजस्थान सरकार द्वारा शुरू किया गया स्वावलम्बन योजना का उद्देश्य निर्धन महिलाओं, विधवाओं, परित्यक्ताओं और ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार करना है।

1808.राजस्थान सरकार ने मौसमी और गैर-संक्रमणीय बीमारियों के साथ-साथ विशिष्ट क्षेत्रों में पाए जाने वाली बीमारियों के रुझानों पर निगरानी रखने के लिए एक नया सॉफ्टवेयर जारी किया है। इस सॉफ्टवेयर का क्या नाम है?

(a) उपचार (b) क्योर (c) निदान (d) सेहत

उत्तर (c)

RPSC RAS/RTS 2018